हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
15 दिसंबर 2024, समय 1810

- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण राजमार्गों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए "राजमार्ग साथी" नामक नये उन्नत रुट पैट्रोलिंग वाहन शुरु करेगा।
- केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि फ़रीदाबाद एन.आई.टी. क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा।
- कुरुक्षेत्र में चल रहे अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आज शिल्प एवं सरस मेले के अंतिम दिन शिल्पकार एवं कलाकार रुखसत हुए।
- आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय में कश्मीर में अमन के लिए प्रयासरत लोगों को सम्मानित किया।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राजमार्गों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए "राजमार्ग साथी" नामक नए उन्नत रूट पेट्रोलिंग वाहन शुरू करने की योजना बना रहा है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि ये वाहन आपातकालीन स्थिति की निगरानी और प्रतिक्रिया के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के खंडों का निरीक्षण करेंगे। इस वाहन में बंद कैबिनेट और ए.आई-सक्षम डैशबोर्ड कैमरे होंगे। ये वाहन यातायात व्यवधान कम करने, सड़क सुरक्षा में सुधार करने और राष्ट्रीय राजमार्गों पर समग्र

सड़क उपयोगकर्ता अनुभव बढ़ाने के लिए उन्नत संचार और सुरक्षा उपकरणों से युक्त होंगे।

........................................................................................

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और एनआईटी फरीदाबाद से विधायक सतीश फागना ने आज फरीदाबाद के प्याली चौक से 60 फुट सड़क तक बनने वाले कन्क्रीट नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस पर करीब साढ़े पाँच करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस मौके पर श्री गुर्जर ने कहा कि इस नाले के निर्माण से 60 फुट सड़क पर जलभराव की समस्या का समाधान होगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि एन.आई.टी के अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एन.आई.टी विधानसभा क्षेत्र की जलभराव, सीवर और पीने के पानी की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। श्री गुर्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में देश और प्रदेश के साथ फरीदाबाद के एनआईटी क्षेत्र को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर विधायक सतीश फागना ने कहा कि 100 करोड़ रुपए की लागत से एक बूस्टर बनाया जा रहा है, जिससे कॉलोनियों में पानी की कमी दूर होगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा 70 करोड़ रुपए की लागत से मंझावली से सेक्टर 25 बूस्टर तक पानी पहुंचाने की योजना है, जिससे जीवन नगर, गौछी और सेक्टर 55 जैसे क्षेत्रों में मीठे पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। श्री फागना ने कहा कि सीवर सफाई का कार्य भी तेजी से चल रहा है ताकि सीवर जाम की समस्या से राहत मिले।

*****************************************************

कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आज शिल्प और सरस मेले के अंतिम दिन शिल्पकार और कलाकार ब्रह्मसरोवर के पावन तटों को नमन कर अगले वर्ष फिर मिलने के वादे के साथ रुखसत हो गए। रुखसत होने पहले उन्होंने अपने स्टॉल और घाटों पर अपने वाद्य यंत्रों से आए पर्यटकों का गर्मजोशी के साथ मनोरंजन किया।

हमारी संवाददाता ने बताया है कि मेले में देश व प्रदेश के कोने-कोने से शिल्पकारों ने भाग लिया। ठंड का मौसम होने के बावजूद रोजाना पर्यटकों व श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। मेले देश-विदेश के लाखों पर्यटकों व श्रद्धालुओं ने शिरकत की। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हरियाणा, ओडिशा व तंजानिया के पवेलियन में हरियाणा, ओडिशा व तंजानिया की सांस्कृतिक विरासत के झरोखों को देखने का अवसर भी मिला।

भागीदार देश तंजानिया व भागीदार राज्य ओडिशा के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने 28 नवंबर से आज तक मुख्य मंच, हरियाणा व ओडिशा पवेलियन, सांस्कृतिक संध्या, ब्रह्मसरोवर के घाटों पर रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर पर्यटकों का मनोरंजन किया।

*******************************************************
आज देशभर में लौह पुरुष सरदार पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया। सरदार पटेल ने आज़ादी मिलने पर 550 से अधिक रियासतों को भारत के साथ मिलने का काम किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सरदार पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनका व्यक्तित्व और कार्य देश की एकता एवं अखंडता और विकसित भारत के संकल्प को हासिल करने के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में गृहमंत्री ने उन्हें देश की एकता का प्रतीक बताया। श्री शाह ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति उनकी वचनबद्धता ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की मज़बूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का महान व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण का संकल्प सदैव देशवासियों का मार्गदर्शन करता रहेगा।

*******************************************************
गुरुग्राम विश्वविद्यालय में कश्मीर पीस लवर्स की ओर से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का मुकुट है और आज शांति का प्रतीक है। आगे भी यह अमन बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में आकर उन्हें कश्मीर की एक सुखद तस्वीर सामने दिखाई दे रही है। इस दौरान कश्मीर की शांति के लिए प्रयासरत लोगों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपनी

कश्मीर यात्रा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि वहां बहुत प्राचीन मंदिर हैं। वहां के लोगों ने ऐसी सांस्कृतिक धरोहरों को सहेज रखा है और यह हर्ष का विषय है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कश्मीर की शांति के लिए काम कर चुके विभिन्न पुरोधाओं को भी याद किया। ऐसे लोगों की याद में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी कराई गई।

********************************************************

हरियाणा मौलिक शिक्षा विभाग के निदेशक एसएस ि□ल्लों व अतिरिक्त निदेशक अमृता सिंह के मार्गदर्शन में पंचकूला के सेक्टर 6 स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रही राज्य स्तरीय जिला वार कला कार्यशाला का चौथा चरण आज सम्पन्न हो गया। कार्यशाला का पाँचवाँ चरण 18 दिसम्बर को सम्पन्न होगा। कार्यशाला के उद्देश्य को लेकर मास्टर ट्रेनर भीम ने बताया -
मास्टर ट्रेनर डॉ अमित ने बताया कि कार्यशाला में कला से जुड़ी कई विधायों की जानकारी दी गई

चौथे चरण के अंतिम दिन मास्टर ट्रेनर दीपा ने लिप्पन कला के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुजरात की यह कला धीरे-धीरे पूरे देश के ग्रामीण अंचल में प्रसिद्ध हूई। मिट्टी की कलाकृतियां बनाने का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर कंवलजीत द्वारा दिया गया। भाग ले रहे कला अध्यापकों ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला से अध्यापकों की दबी हूई सृजनात्मकता को नए पंख लगते हैं।

********************************************************

हरियाणा के खेल एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल में 20 दिव्यांगों को बैटरी चलित मोटरयुक्त ट्राई साइकिल वितरित की। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव बिजेंद्र सौरोत भी मौजूद रहे। राज्य मंत्री गौरव गौतम ने बताया कि यह ट्राई साइकिल जिला प्रशासन एवं रेड क्रॉस सोसायटी पलवल तथा आदित्य गौतम मेमोरियल ट्रस्ट,एल्मिको कंपनी और भारतीय स्टेट बैंक के निगमित सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत निशुल्क प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इससे दिव्यांगजनों का जीवन सुगम होगा।

*******************************************************